नईदुनिया

Fake Ghee: 170 रुपये में बना लेते थे नकली घी, फिर अमूल और पतंजलि सहित 18 ब्रांड के नाम से बेचते

नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियर(Fake Ghee)। आगरा में नकली घी बनाने का बड़ा कारोबार पकड़ा गया है जिसमें मास्टरमाइंड ग्वालियर के कारोबारी ही निकले हैं। आगरा के ताजगंज इलाके में अमूल, पतंजलि से लेकर 18 ब्रांड के नकली घी पैककर देश के कई राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था।

ग्वालियर रजिस्टर्ड प्योर इट और रियल गोल्ड नाम की फर्मों का उपयोग आगरा में मिला है। आगरा जिले की पुलिस ने मैनेजर सहित पांच लोगों को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन संचालकगण ग्वालियर की मैनावाली गली के नीरज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल व बृजेश अग्रवाल हैं जिनके साथ ग्वालियर के और भी लोग शामिल हैं।

इनकी तलाश में आगरा से आई पुलिस ने ग्वालियर में दबिश भी दी लेकिन यह घरों से फरार मिले। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी।

2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था। बता दें कि गुरुवार को आगरा में ताजगंज पुलिस ने नकली देसी घी फैक्ट्री पर छापा मारकर मैनेजर राजेश भारद्वाज समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। फैक्ट्री में अमूल, पतंजलि, प्योर इट, कृष्णा जैसी कई ब्रांड का नकली घी बनाया जाता था।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/gwalior-fake-ghee-gwalior-businessmen-were-selling-fake-ghee-in-the-name-of-18-brands-including-amul-and-patanjali-8375028